हिंदी साहित्य में स्नातक पाठ्यक्रम

2021-22 से प्रभावी

अधिगम परिणाम (CBCS) आधारित पाठ्यक्रम

05/7/2021
संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

हिन्दी विभाग

राजीव गाँधी विश्वविद्यालय

रोनो हिल्स, दोइमुख, ईटानर

स्नातक कला पाठ्यक्रम

अधिगम परिणाम (CBCS) आधारित पाठ्यक्रम

हिन्दी (प्रतिष्ठा)

सत्र पद्धति

वर्ष 2021-22 से प्रभावी

05/7/2021
संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

Details of Courses under B.A (Honors) Credits

Semester	Core Course 14 papers 6 credit each	Ability Enhancement Compulsory Course (AECC) 2 Paper4 Credit each	Skill Enhancement Course (SEC) 2 Paper 4 credit each	Discipline Specific Elective Course (DSE) 4 Papers 6 Credit Each	Generic Elective 4 papers 6 Credit Each	Semester wise Total Credit
I	C1 C2	AECC-1	***	***	GE1	22 CREDIT
II	C3 C4	AECC- 2	***	***	GE2	22 CREDIT
III	C5 C6 C7	***	SEC- I	***	GE3	28 CREDIT
IV	C8 C9 C10	***	SEC-2	***	GE4	28 CREDIT
V	C11 C12	***	***	DSE-1 DSE-2		24 CREDIT
VI	C13 C14	***	***	DSE-3 DSE-4		24 CREDIT
TOTAL	84 CREDIT	08 CREDIT	08 CREDIT	24 CREDIT	24 CREDIT	148 CREDIT

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

प्रस्तावना

हिंदी साहित्य के स्नातक प्रतिष्ठा पाठ्यक्रम के निर्माण हेतु गठित स्नातक पाठ्यक्रम निर्माण समिति (BUGS) इस रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता का अनुभव कर रही है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में पाठ्यक्रम निर्माण समिति ने इस पाठ्यक्रम को लागू करते समय इसमें वैश्विक संदर्भों का समायोजन किया है।

इस पाठ्यक्रम की संरचना इस प्रकार की गई है कि इसके अध्ययन के पश्चात हिंदी साहित्य के विद्यार्थी यह जान सकेंगे कि साहित्य का विश्लेषण कैसे किया जाए, उसकी समीक्षा कैसे की जाए और दिए गए पाठ को पढ़ने की समझ किस प्रकार विकसित की जाए ताकि विद्यार्थी साहित्य के उद्देश्य से भली-भाँति परिचित हो सके।

उल्लेखनीय बात यह है कि चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली में हिंदी साहित्य के पाठ्यक्रम की बड़ी भूमिका है। इस पाठ्यक्रम निर्माण के दौरान क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक संदर्भों के अनुरूप विकल्प रखे गए हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तावित अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम में दिए पाठ के नमूनों को ठीक से समझकर उनके अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। इस प्रकार लेखकों का कालखण्ड, विषय-वस्तु और विधागत विभाजन कर पाठ्यक्रम को सर्वसमावेशी बनाया गया है।

भारत विविधताओं वाला देश है और ये विविधताएँ भाषागत भी हैं। यहाँ तक कि मानक हिंदी भाषा के अंतर्गत अनेक बोलियाँ भी सम्मिलित हैं जिनका साहित्य भी हिंदी भाषा को समृद्ध कर रहा है। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस पाठ्यक्रम की रूपरेखा निर्मित की गई है। इस पाठ्यक्रम में भारतीय साहित्य पेपर के अंतर्गत अन्य भारतीय भाषाओं में रचित साहित्य को भी सम्मिलित किया गया है।

यह पाठ्यक्रम रोजगारपरक शिक्षा देने का कार्य भी करेगा ताकि इसके अध्ययन के बाद विद्यार्थी अपने जीवन का निर्वाह भी भली-भाँति कर सकें। इस अधिगम परिणाम आधारित शिक्षण प्रणाली को नवाचार की दृष्टि से लागू किया जा रहा है। यह समाज के लिए अति लाभकारी सिद्ध होगा।

अतः सभी महाविद्यालयों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इन पाठ्यक्रमों को लागू करने में अपनी रुचि दिखाएँ और प्रोत्साहन दें ताकि अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम संरचना के निर्माण की सार्थकता सिद्ध हो सके।

05/7/2021
संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम संरचना

हिंदी साहित्य में स्नातक (प्रतिष्ठा) अध्ययन पाठ्यक्रम का संक्षिप्त परिचय

हिन्दी स्नातक कला 3 (तीन) वर्षों की स्नातक की डिग्री है जिसमे 6 (छह) सत्र शामिल हैं, जिसके प्रत्येक सत्र में प्रतिष्ठा के पत्र होंगे। पाठ्यक्रम में विविध और अंतर्दृष्टि-उन्मुख पत्रों को सम्मिलित किया गया है जिसमें 14 (चौदह) मुख्य पाठ्यक्रम (सी सी) अथवा प्रतिष्ठा के पत्र, 2 (दो) अनिवार्य योग्यता वृद्धि पाठ्यक्रम (ए ई सी सी), 4 (चार) सामान्य वैकल्पिक पाठ्यक्रम (जी ई सी), 2 (दो) कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम (एस ई सी), और अनुशासन/विषय केन्द्रित 4 (चार) (डी एस ई) ऐच्छिक पत्र शामिल हैं। प्रत्येक पत्र को चार इकाइयों (संचार के लिए अंग्रेजी और पर्यावरण अध्ययन को छोड़कर) में विभाजित किया गया है। प्रत्येक पत्र के लिए 100 (सौ) अंक निर्धारित हैं जिसमें आंतरिक मूल्यांकन के लिए 20 (बीस) अंक और सत्रांत परीक्षा के लिए 80 (अस्सी) अंक निर्धारित हैं। प्रति सप्ताह प्रत्येक थ्योरी पेपर के लिए 3 (तीन) व्याख्यान और 1 (एक) ट्यूटोरियल होगा। राजीव गांधी विश्वविद्यालय में क्रमशः अंग्रेजी, हिंदी और भूगोल विभागों द्वारा विकसित पाठ्यक्रम से तीन क्षमता वृद्धि अनिवार्य पाठ्यक्रम (एई सी सी) अर्थात् संचार के लिए अंग्रेजी (ई सी), हिंदी शिक्षण और पर्यावरण अध्ययन (ई वी एस) सम्मिलित हैं।

विश्वविद्यालय के नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार अधिगम परिणाम (सी बी सी एस) आधारित पाठ्यक्रम अथवा च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सी बी सी एस) और लर्निंग आउटकम बेस्ड करिकुलम फ्रेमवर्क (एल ओ सी एफ) की भावना का पालन करते हुए, हिन्दी स्नातक के इस पाठ्यक्रम में वैश्विक मानकों को ध्यान में रखते हुए मुख्य (कोर), अंतर अनुशासनात्मक विषय और ऐच्छिक पाठ्यक्रम शामिल किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन ई पी) 2020 में परिकल्पित अनिवार्य अनुसंधान परियोजना को शामिल करना पाठ्यक्रम का नवीनतम आकर्षण है। मुख्य पाठ्यक्रम से लेकर विषय आधारित ऐच्छिक पाठ्यक्रमों तक पत्रों के क्रम को अच्छी तरह से सोचा गया है ताकि उनमे अंतर्दृष्टि का निर्माण किया जा सके साथ ही जिनसे विद्यार्थियों के व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को सुनिश्चित किया जा सके। हिन्दी स्नातक के छात्रों को, पंचम तथा षष्ठ सत्रों में विभाग द्वारा संचालित विषय केन्द्रित विशिष्ट ऐच्छिक प्रश्नपत्रों (डी एस ई) के समूह में से अपनी रुचि के अनुसार पत्रों को चयन करना होगा।

स्नातक हिन्दी

कार्यक्रम के उद्देश्य और हिन्दी सीखने के परिणाम

हिन्दी साहित्य के स्नातक प्रतिष्ठा पाठ्यक्रम का निर्माण नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मूल संकल्पना को ध्यान में रखकर किया गया है। इस नयी शिक्षा पद्धति के नवीन पाठ्यक्रम के द्वारा छात्रों में हिन्दी भाषा और और साहित्य के प्रति अभिरुचि जागृत होगी। इस पाठ्यक्रम में ऐसे कई अंतर अनुशासनात्मक एवं ऐच्छिक विषयों को शामिल किया गया है जिससे छात्रों को रोजगार प्राप्ति के अनेक अवसर सुलभ होंगे । इस पाठ्यक्रम में क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय सन्दर्भों के सम्मिलित होने से देश की एकता और अखंडता बलवती होगी। इससे छात्रों में शिक्षा के साथ राष्ट्रीयता की भावना और प्रखर होगी।

05/7/2021
संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

सत्र	कार्यक्रम का उद्देश्य	कार्यक्रम की उपलब्धियाँ
प्रथम सत्र	प्रथम पत्र में हिंदी शिक्षण के अंतर्गत हिंदी के महत्व, व्यावहारिक पक्ष, आलेख रचना, व्यावहारिक लेखन एवं सृजनात्मक लेखन के विविध पक्षों से परिचित हो सकेंगे । वैकल्पिक पत्र में अंग्रेजी के रचनात्मक साहित्य एवं व्याकरण तथा रचना के विविध पक्षों से अवगत हो सकेंगे । द्वितीय पत्र के अंतर्गत साहित्यिक इतिहास एवं प्रतिनिधि कवियों की रचनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे । तृतीय पत्र में प्रतिनिधि रीतिकालीन कवियों की रचनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और चतुर्थ पत्र में सर्जनात्मक लेखन से जुड़े विविध पक्षों से अवगत हो सकेंगे ।	प्रथम सत्र में प्रथम पत्र के अंतर्गत छात्र हिंदी शिक्षण के विविध पक्षों से अवगत हुए । वैकल्पिक पत्र के अंतर्गत छात्र अंग्रेजी के रचनात्मक साहित्य एवं व्याकरण तथा रचना पक्ष से अवगत हुए । द्वितीय पत्र में साहित्यिक इतिहास एवं प्रतिनिधि कवियों की रचनाओं से परिचित हुए । तृतीय पत्र में प्रमुख रीतिकालीन कवियों के बारे में जानकारी प्राप्त की । चतुर्थ पत्र में सृजनात्मक लेखन से जुड़े विविध पहलुओं के विषय में जानकारी प्राप्त की ।
द्वितीय सत्र	इस सत्र के प्रथम पत्र एनवायरनमेण्टल स्टडीज के अंतर्गत पर्यावरण से जुड़े विविध पक्षों का अध्ययन करेंगे । द्वितीय पत्र में हिंदी साहित्य के आधुनिक काल के इतिहास विषयक पक्ष एवं प्रतिनिधि आधुनिक कवियों की रचनाओं से परिचित होंगे । तृतीय पत्र के अंतर्गत छायावादोत्तर काव्य परिदृश्य एवं प्रतिनिधि कवियों की रचनाओं से अवगत होंगे । चतुर्थ पत्र में पटकथा तथा संवाद लेखन के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे ।	छात्रों ने प्रथम पत्र में पर्यावरण अध्ययन पत्र के अंतर्गत पर्यावरण से जुड़ी जानकारी प्राप्त की । द्वितीय पत्र में हिंदी साहित्य के आधुनिक काल एवं प्रतिनिधि आधुनिक कवियों की रचनाओं से परिचित हुए । तृतीय पत्र के द्वारा छायावादोत्तर कविता एवं प्रतिनिधि कवियों के कृतित्व से अवगत हुए । चतुर्थ पत्र को पढ़ कर पटकथा लेखन तथा संवाद लेखनके बारे में यथेष्ट जानकारी प्राप्त की ।
तृतीय सत्र	इसके प्रथम पत्र के अंतर्गत कथा साहित्य के सैद्धान्तिक पक्ष एवं कथा साहित्य की कुछ कृतियों का अनुशीलन करेंगे। द्वितीय पत्र में हिंदी नाट्य साहित्य के सैद्धान्तिक पक्ष से परिचित होंगे तथा कुछ नाटकों की समालोचना करेंगे। तृतीय पत्र में विविध गद्य विधाओं के सैद्धान्तिक पक्ष से परिचित होंगे तथा कुछ रचनाओं की विवेचना करेंगे। चतुर्थ पत्र में लेखन कौशल के सिद्धान्त पक्ष एवं लेखन प्रशिक्षण से जुड़े विविध पहलुओं से परिचित होंगे। पंचम पत्र में साहित्य और सिनेमा के अंत: सम्बन्धों की जानकारी प्राप्त करेंगे।	छात्रों ने प्रथम पत्र में कथा साहित्य के विषय में जानकारी प्राप्त की और प्रमुख रचनाओं का अनुशीलन किया। द्वितीय पत्र में हिंदी नाट्य साहित्य से परिचित हुए और कई नाटकों का अनुशीलन किया। तृतीय पत्र में विविध गद्य विधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और कई कथेतर गद्य रचनाओं का अनुशीलन किया। चतुर्थ पत्र में छात्र लेखन कौशल के सैद्धांतिक पक्ष से अवगत हुए और लेखन प्रशिक्षण से जुड़े विविध पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। पंचम पत्र में साहित्य और सिनेमा के अंत: सम्बन्धों के बारे में जानकारी प्राप्त की।
चतुर्थ सत्र	इस सत्र में प्रथम पत्र के अंतर्गत हिंदी गद्य साहित्य से अवगत होंगे। विविध विधाओं की विशेष रूप से जानकारी प्राप्त करेंगे । द्वितीय पत्र में हिंदी आलोचना के विकास क्रम एवं प्रमुख आलोचकों के आलोचना सिद्धांतों से अवगत होंगे । तृतीय पत्र में भाषा विज्ञान एवं हिंदी भाषा से परिचित हो सकेंगे । चतुर्थ पत्र में कार्यालयी हिंदी के विविध पक्षों से अवगत हो सकेंगे । पंचम पत्र में सोशल मीडिया और हिंदी विषय के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे ।	छात्र प्रथम पत्र में हिंदी गद्य साहित्य के इतिहास से अवगत हुए और कई गद्य विधाओं के बारे में विशेष रूप से जानकारी प्राप्त की । द्वितीय पत्र में हिंदी आलोचना और प्रमुख आलोचकों के बारे में जानकारी प्राप्त की । तृतीय पत्र में भाषा विज्ञान एवं हिंदी भाषा के विषय में जानकारी प्राप्त की । चतुर्थ पत्र में कार्यालयी हिंदी के बारे में ज्ञान प्राप्त किया । पंचम पत्र में सोशल मीडिया और हिंदी विषय के बारे में अवगत हुए ।

05/7/2021
संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad & Conf)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

पंचम सत्र	इस सत्र में प्रथम पत्र के अंतर्गत भारतीय काव्यशास्त्र के विविध पक्षों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। द्वितीय पत्र में पाश्चात्य काव्यशास्त्र के प्रमुख चिंतकों के विचारों से परिचित हो सकेंगे तथा प्रमुख वादों और सिद्धांतों से भी अवगत हो सकेंगे। तृतीय वैकल्पिक पत्र में लोक साहित्य के सैद्धान्तिक पक्ष से परिचित हो सकेंगे। लोक साहित्य की विविध विधाओं और इस प्रदेश के लोक साहित्य की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। वैकल्पिक पत्र, हिंदी संत साहित्य के अंतर्गत प्रतिनिधि संत रचनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। चतुर्थ वैकल्पिक पत्र में प्रवासी साहित्य के इतिहास और रचनाओं से परिचित हो सकेंगे। वैकल्पिक पत्र छायावाद के अंतर्गत प्रतिनिधि छायावादी कवियों के कृतित्व से अवगत हो सकेंगे।	छात्र प्रथम पत्र में भारतीय काव्यशास्त्र के विविध आयामों से परिचित हुए। द्वितीय पत्र के माध्यम से पाश्चात्य काव्यशास्त्र के प्रमुख साहित्य चिंतकों के विचारों, विविध वादों एवं सिद्धान्तों से परिचित हुए। तृतीय वैकल्पिक पत्र में लोक साहित्य के सैद्धान्तिक पक्ष से अवगत हुए, लोकसाहित्य की विविध विधाओं और इस प्रदेश के लोक साहित्य से परिचित हुए। अन्य वैकल्पिक पत्र में हिंदी के प्रतिनिधि संत कवियों के कृतित्व से परिचित हुए। चतुर्थ वैकल्पिक पत्र में प्रवासी साहित्य की रचनाओं से परिचित हुए।
षष्ठ सत्र	इस सत्र के प्रथम पत्र में मीडिया के विविध आयामों से परिचित होंगे। द्वितीय पत्र में प्रयोजनमूलक हिंदी के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। तृतीय वैकल्पिक पत्र में भारतीय साहित्य के बारे में और भारतीय साहित्य की विविध विधाओं के बारे में अवगत हो सकेंगे। अन्य वैकल्पिक पत्र में प्रेमचन्द की रचनाशीलता एवं विचारों के बारे में जानकारी मिल सकेगी। चतुर्थ वैकल्पिक पत्र में राष्ट्रीय चेतना की कविता के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। अन्य वैकल्पिक पत्र में तुलसीदास की प्रमुख रचनाओं से अवगत हो सकेंगे।	छात्र प्रथम पत्र में मीडिया के विविध आयामों से परिचित हुए। द्वितीय पत्र में प्रयोजनमूलक हिंदी के विषय में जानकारी प्राप्त हुई। तृतीय वैकल्पिक पत्र में भारतीय साहित्य के बारे में और भारतीय साहित्य की विविध विधाओं के बारे में जानकारी मिली। अन्य वैकल्पिक पत्र में प्रेमचन्द के साहित्य एवं वैचारिकी के बारे में अवगत हुए। चतुर्थ वैकल्पिक पत्र में राष्ट्रीय चेतना की कविता के बारे में जानकारी प्राप्त की। अन्य वैकल्पिक पत्र में गोस्वामी तुलसीदास की प्रमुख रचनाओं के बारे में अवगत हुए।

05/7/2021
संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

हिन्दी स्नातक
पाठ्यक्रम संरचना

क्रम संख्या	पेपर कोड तथा शीर्षक	अंक	क्रेडिट	L:T:P
Semester I		**400**	**22**	
Ability Enhancement Compulsory Course (AECC)- any one of the following				
1	ENG-A-111: English for Communication (EC)	100	6	3:1:0
	HIN-A-111: हिन्दी शिक्षण	100	6	3:1:0
कोर कोर्स (CC)				
2	HIN-C-112 : हिन्दी साहित्य: आदिकाल से भक्तिकाल (इतिहास एवं रचनाएँ)	100	4	3:1:0
3	HIN-C-113 : हिन्दी साहित्य: रीतिकाल	100	4	3:1:0
General Elective Course (GEC)				
4	HIN -G-114: सृजनात्मक लेखन	100	6	3:1:0
Semester II		**400**	**26**	
Ability Enhancement Compulsory Course (AECC)				
1	GEO -A-121: Environmental Studies (EVS)	100	6	3:1:0
कोर कोर्स (CC)				
2	HIN -C-122: हिन्दी साहित्य: आधुनिक काल	100	4	3:1:0
3	HIN -C-123: हिन्दी साहित्य: प्रगतिवाद से बीसवीं शताब्दी तक	100	6	3:1:0
General Elective Course (GEC)				
4	HIN -G-124: पटकथा तथा संवाद लेखन	100	6	3:1:0
Semester III		**500**	**28**	
कोर कोर्स (CC)				
1	HIN -C-211: कथा साहित्य: कहानी एवं उपन्यास	100	6	3:1:0
2	HIN -C-212: हिन्दी नाट्य साहित्य	100	6	3:1:0
3	HIN -C-213: कथेतर गद्य साहित्य	100	6	3:1:0
Skill Enhancement Course (SEC)				
4	HIN -S-214: लेखन कौशल	100	4	3:1:0
General Elective Course (GEC)				
5	HIN -G-215: साहित्य और सिनेमा	100	6	3:1:0

05/7/2021
संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

Semester IV			**500**	**28**	
कोर कोर्स (CC)					
1	HIN -C-221: हिन्दी गद्य साहित्य का इतिहास		100	6	3:1:0
2	HIN -C-222: हिन्दी आलोचना		100	6	3:1:0
3	HIN -C-223: हिन्दी भाषा एवं भाषा विज्ञान		100	6	3:1:0
Skill Enhancement Course (SEC)					
4	HIN -S-224: कार्यालयी हिन्दी		100	4	3:1:0
General Elective Course (GEC)					
5	HIN -G-225: सोशल मीडिया और हिन्दी		100	6	3:1:0
Semester V			**400**	**24**	
कोर कोर्स (CC)					
1	HIN -C-311: भारतीय काव्यशास्त्र		100	6	3:1:0
2	HIN -C-312: पाश्चात काव्यशास्त्र		100	6	3:1:0
Discipline Specific Elective (DSE–1) – Choose one paper from each part					
3	Part-1	HIN -D-313(क): लोक साहित्य	100	6	3:1:0
		HIN -D-313(ख): हिन्दी संत साहित्य	100	6	3:1:0
	Part-2	HIN -D-314(क): प्रवासी साहित्य	100	6	3:1:0
		HIN -D-314(ख): छायावाद	100	6	3:1:0
Semester VI			**400**	**24**	
कोर कोर्स (CC)					
1	HIN -C-321: मीडिया के विविध आयाम		100	6	3:1:0
2	HIN -C-322: प्रयोजनमूलक हिन्दी		100	6	3:1:0
Discipline Specific Elective (DSE–2) Choose one paper from each part					
3	Part-1	HIN -D-323 (क): भारतीय साहित्य	100	6	3:1:0
		HIN -D-323 (ख): प्रेमचन्द	100	6	3:1:0
	Part-2	HIN -D-324 (क): राष्ट्रीय चेतना की कविता	100	6	3:1:0
		HIN -D-324 (ख): तुलसीदास	100	6	3:1:0
	Grand Total		**2600 (Marks)**	**148 (Credits)**	

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

व्याख्यान	: 4 प्रति सप्ताह
ट्यूटोरियल	: 2 प्रति सप्ताह
क्रेडिट	: 4 +2 = 6
पूर्णांक	: 100 अंक
अभ्यन्तर	: 20 अंक
सत्रांत परीक्षा/बाह्य	: 80 अंक

प्रथम सत्र (प्रतिष्ठा)

पत्र : HIN-C - 112

हिंदी साहित्य : आदिकाल से भक्तिकाल (इतिहास एवं रचनाएँ)

उद्देश्य : यह पत्र प्रथम सत्र (प्रतिष्ठा) के विद्यार्थियों के लिये हिन्दी साहित्य के इतिहास के आदिकाल एवं मध्यकाल के सम्यक् ज्ञान से सम्बन्धित है। इसमें विद्यार्थियों से साहित्येतिहास के आदिकाल की युगीन परिस्थितियों, प्रवृत्तियों एवं प्रमुख कवियों के बारे में जानकारी अपेक्षित है।

इकाई 1 : **आदिकाल:** हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा, हिन्दी साहित्य का इतिहास: काल विभाजन, सीमा-निर्धारण और नामकरण, आदिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि एवं परिस्थितियाँ।

भक्तिकाल: भक्तिकाल की पृष्ठभूमि; परिस्थितियाँ; वर्गीकरण तथा सामान्य प्रवृत्तियाँ, निर्गुण एवं सगुण काव्यधाराओं की ज्ञानाश्रयी, प्रेमाश्रयी, कृष्णाश्रयी तथा रामाश्रयी काव्यधाराओं का परिचय तथा विशेषताएँ।

व्याख्यान -12

इकाई 2 : **क. चंदवरदाई :** (पाठ्य पुस्तक: आदिकालीन काव्य – सं. डॉ. वासुदेव सिंह, विश्वविद्यालय प्रकाशन)

अथ पद्मावती समय : प्रारंभ से 10 (दस) पद।

आलोचना: पृथ्वीराज रासो का काव्य-सौन्दर्य, रासो की प्रामाणिकता, अथ पद्मावती समय का काव्य-सौन्दर्य।

ख. अमीर खुसरो : (पाठ्य पुस्तक: अमीर खुसरो: व्यक्तित्व और कृतित्व – परमानन्द पांचाल)

- कव्वाली- घ (1)
- दोहे – च; 5 दोहे :– (1) गोरी लोने (2) खुसरो रैन (3) देख मैं (4) चकवा-चकवी (5) सेज सुनी

आलोचना: अमीर खुसरो का साहित्यिक परिचय, खुसरो की पहेलियों का वैशिष्ट्य, आदिकालीन साहित्य को खुसरो का योगदान।

व्याख्यान -12

इकाई 3 : (पाठ्य पुस्तक: प्राचीन काव्य संग्रह; सम्पा.- राजदेव सिंह; वाणी प्रकाशन, दिल्ली।)

क. कबीर :

पाठांश: प्रारम्भ के पाँच सबद ।

आलोचना : कबीर की भक्ति ; समाज-चेतना।

ख. जायसी :

पाठांश : उपसंहार खण्ड

आलोचना : जायसी का काव्य-वैभव ; सूफी काव्य परम्परा और पद्मावत।

व्याख्यान -12

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

इकाई 4 :

क. सूरदासः

पाठ्य पुस्तकः प्राचीन काव्य संग्रह; सम्पा.- राजदेव सिंह; वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
पाठांश : विनय के पद - 1, 5 तथा भ्रमरगीत प्रसंग- पद संख्या: 3,4,5,6,7 तथा 8 ।
आलोचना : सूर की भक्ति-भावना ; वात्सल्य ।

ख. तुलसीदास :

पाठ्यपुस्तक : काव्य-वैभव : सं. दूधनाथ सिंह, लोकभारती प्रकाशन
पाठांश : समस्त पद ।

आलोचना : काव्यगत विशेषताएँ, समन्वय- भावना । व्याख्यान -12

उपलब्धियां - इस पत्र के अध्ययनोपरांत छात्र हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की प्रमुख समस्याओं, आदिकालीन एवं भक्तिकालीन साहित्य की जानकारी प्राप्त कर चुके होंगे और चंदबरदाई, अमीर खुसरो, जायसी, सूरदास और तुलसीदास की प्रतिनिधि रचनाओं से परिचित हो चुके होंगे।

निर्देशः

1. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से 14 -14 अंकों का एक-एक दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछा जायेगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए विकल्प भी होंगे । 14x4= 56

2. इकाई 2, 3 तथा इकाई 4 से एक-एक व्याख्यांश पूछी जायेगी, जिनके विकल्प भी होंगे । 8 x3 = 24

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि ।

सहायक ग्रन्थः

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास : आ. रामचन्द्र शुक्ल ।
2. हिन्दी साहित्य का इतिहास : सम्पा.- डॉ. नगेन्द्र ।
3. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास : डॉ. रामकुमार वर्मा ।
4. हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहासः दो खण्ड : डॉ. गणपतिचन्द्र गुप्त ।
5. हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास : डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी ।
6. हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास : डॉ. बच्चन सिंह ।
7. हिन्दी साहित्यः उद्भव और विकास : डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी ।

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

प्रथम सत्र (प्रतिष्ठा)

पत्र : HIN-C-113

हिंदी साहित्य : रीतिकाल

व्याख्यान	: 4 प्रति सप्ताह
ट्यूटोरियल	: 2 प्रति सप्ताह
क्रेडिट	: 4 +2 = 6
पूर्णांक	: 100 अंक
अभ्यन्तर	: 20 अंक
सत्रांत परीक्षा/बाह्य	: 80 अंक

उद्देश्य : विद्यार्थियों को भारतवर्ष की 17वीं से 19वीं शताब्दी के मध्य के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य आदि का ज्ञान होगा। विद्यार्थी इस काल के साहित्यकारों एवं उनकी रचनाओं से परिचित हो सकेंगे।

इकाई 1: रीतिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि एवं परिस्थितियां; रीति की अवधारणा और रीति काव्य; रीतिकालीन साहित्य की विभिन्न धाराएं : सामान्य परिचय, रीतिकालीन रचनाएं, रचनाकार एवं प्रमुख प्रवृत्तियाँ, रीतिकालीन काव्य भाषा।

व्याख्यान-12

इकाई 2: (क) केशव:

पाठ्य पुस्तक: कविप्रिया – प्रिया प्रकाशन, ला. भगवानदीन

पाठांश : तीसरा प्रभाव, छंद संख्या 1,2,4 तथा 5।

आलोचना: कविप्रिया का काव्य सौन्दर्य, केशव की अलंकार-योजना।

(ख) मतिराम:

पाठ्य पुस्तक: रीतिकाव्य संग्रह, डॉ. विजयपाल सिंह, लोकभारती प्रकाशन।

पाठांश: प्रारंभ से पाँच पद

आलोचना: रीतिकालीन कवियों में मतिराम का स्थान, मतिराम की काव्य-कला। व्याख्यान- 12

इकाई 3 : (क) सेनापति:

पाठ्य पुस्तक: रीतिकाव्य संग्रह, डॉ. विजयपाल सिंह, लोकभारती प्रकाशन।

पाठांश: पद संख्या :- 1,2,5,9 तथा 10।

आलोचना: शृंगारिकता, काव्यगत विशेषताएँ।

(ख) बिहारी :

पाठ्य पुस्तक : बिहारी रत्नाकर; सम्पादक: जगन्नाथदास रत्नाकर।

पाठ्य दोहे- 1, 2, 5, 6, 7,15,19, 20, 21 तक।

आलोचना: बिहारी की बहुज्ञता, सतसई परम्परा में बिहारी का स्थान। व्याख्यान- 12

इकाई 4 : (क) घनानन्द:

पाठ्य पुस्तक : घनानन्द कवित्त; संपा.- आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

पाठांश : पद संख्या 1 से 5 तक।

आलोचना : प्रेम वर्णन, भाषा एवं काव्य कला।

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

(ख) भूषण :

पाठ्य पुस्तक : रीति काव्य धारा; संपा – रामचन्द्र तिवारी

पाठ्य छंद - 9, 10, 11, 12, 15, 24 ।

आलोचना: वीरता की कविता, भाषा एवं काव्य कला । व्याख्यान- 12

उपलब्धियां - इस पत्र के अध्ययनोपरांत छात्र रीतिकालीन हिन्दी साहित्य की जानकारी प्राप्त कर चुके होंगे और केशव, मतिराम, सेनापित, बिहारी, घनानन्द और भूषण जैसे प्रमुख रीतिकालीन कवियों की प्रतिनिधि काव्य रचनाओं का अनुशीलन कर चुके होंगे।

निर्देशः

1. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से 14 -14 अंकों का एक-एक दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछा जायेगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए विकल्प भी होंगे । 14x4= 56
2. इकाई 2, 3 तथा इकाई 4 से एक-एक व्याख्यांश पूछी जायेगी, जिनके विकल्प भी होंगे । 8 x3 = 24

कार्य-सम्पादन- पद्धति : व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि ।

सहायक ग्रंथ :

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास : आ. रामचन्द्र शुक्ल ।
2. हिन्दी साहित्य का इतिहास : सम्पा.- डॉ. नगेन्द्र ।
3. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास : डॉ. रामकुमार वर्मा ।
4. रीतिकाव्य की भूमिका : डॉ. नगेन्द्र
5. बिहारी का नया मूल्यांकन : बच्चन सिंह
6. घनानंद और स्वच्छंद काव्यधारा : मनोहर लाल गौड़
7. बिहारी सतसई : जगन्नाथ दास रत्नाकर
8. रीतिकालीन काव्य सिद्धांत : डॉ. सूर्यनारायण द्विवेदी
9. भूषण और उनका साहित्य : राजमल बोरा
10. शिवभूषण तथा प्रकीर्ण रचना : विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

द्वितीय सत्र (प्रतिष्ठा)

पत्र : HIN-C- 122

हिंदी साहित्य : आधुनिक काल

व्याख्यान	: 4 प्रति सप्ताह
ट्यूटोरियल	: 2 प्रति सप्ताह
क्रेडिट	: 4 +2 = 6
पूर्णांक	: 100 अंक
अभ्यन्तर	: 20 अंक
सत्रांत परीक्षा/बाह्य	: 80 अंक

उद्देश्य : हिन्दी साहित्य के इतिहास के आधुनिक काल का सम्यक् ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे । इसमें विद्यार्थियों से साहित्येतिहास के आधुनिक काल की युगीन परिस्थितियों, प्रवृत्तियों एवं प्रमुख कवियों तथा गद्य के विधाओं के बारे में जानकारी अपेक्षित है।

इकाईः 1 आधुनिक काल की पृष्ठभूमि: सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियाँ; हिन्दी काव्य को भारतेन्दु युग का अवदान; भारतेन्दुयुगीन कविता विशेषताएँ, द्विवेदीयुगीन कविता की विशेषताएँ, प्रमुख छायावादी कवि और उनका काव्य; छायावादकालीन कविताओं की विशेषताएँ।

व्याख्यान-12

इकाईः 2

(क) भारतेंदु हरिश्चन्द्र :

पाठ्य कविता : प्रेम माधुरी

आलोचना : हिन्दी साहित्य को भारतेंदु का योगदान, प्रेम माधुरी का काव्य सौन्दर्य तथा भारतेंदु की काव्य-कला।

(ख) मैथिलीशरण गुप्त:

पाठांश : हम कौन थे (अंश – भारत-भारती) तथा कैकेयी का अनुताप।

आलोचना : गुप्त जी का काव्य संसार, काव्य दृष्टि एवं राष्ट्रीय आंदोलन की चेतना। व्याख्यान – 12

इकाई: 3

क. जयशंकर प्रसाद :

पाठ्य कविताएं : मेरे नाविक, बीती विभावरी जाग री ।

आलोचना : छायावादी काव्य मूल्य और जयशंकर प्रसाद, प्रसाद के काव्य में राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक चेतना; पठित कविताओं की काव्यगत विशेषताएं ।

ख. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' :

पाठ्य कविताएं : जूही की कली, जागो फिर एक बार-6 ।

आलोचना : निराला का काव्य-वैशिष्ट्य; निराला के काव्य में छायावादी चेतना, तथा पठित कविताओं का सारांश ।

व्याख्यान – 12

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

इकाई : 4

क. **सुमित्रानंदन पंत** :

पाठ्य कविताएं : मौन निमंत्रण, नौका विहार।

आलोचना : पन्त–काव्य और छायावाद ; पंत का प्रकृति-चित्रण, पठित कविताओं का प्रतिपाद्य एवं विशेषताएं । व्याख्यान - 12

ख. **महादेवी वर्मा :**

पाठ्य कविताएं –: बीन भी हूँ मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ, मैं नीर भरी दुख की बदली ।

आलोचना : महादेवी का काव्य और करुणा, पीड़ा और वेदना; महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताएं ।

उपलब्धियां - इस पत्र के अध्ययनोपरांत छात्र भारतेंदुयुगीन हिन्दी कविता, द्विवेदीयुगीन हिन्दी कविता एवं छायावादकालीन हिन्दी कविता की जानकारी प्राप्त कर चुके होंगे और भारतेन्दु हरिश्चन्द्र और मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिनिधि रचनाओं का अनुशीलन कर चुके होंगे।

निर्देशः

1. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से 14 -14 अंकों का एक-एक दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछा जायेगा। प्रत्येक प्रश्न का विकल्प भी रहेगा। 14x4= 56
2. इकाई 2, 3 तथा इकाई 4 से एक-एक व्याख्यांश पूछी जायेगी, जिनके विकल्प भी होंगे । 8 x3 = 24

कार्य-सम्पादन- पद्धति

व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि ।

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

सहायक ग्रंथ :

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास : आ. रामचन्द्र शुक्ल ।
2. हिन्दी साहित्य का इतिहास : सम्पा.- डॉ. नगेन्द्र ।
3. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास : डॉ. रामकुमार वर्मा ।
4. भारतेंदु और हिन्दी नवजागरण की समस्याएँ : रामविलास शर्मा ।
5. भारतेंदु और भारतीय नवजागरण : सं. शम्भूनाथ एवं अशोक जोशी ।
6. मैथिलीशरण गुप्त : रेवती रमण ।
7. जयशंकर प्रसाद : नंद दुलारे वाजपेयी
8. निराला की साहित्य साधना (3 भाग) : रामविलास शर्मा
9. सुमित्रानंदन पंत : डॉ. नगेन्द्र
10. महादेवी वर्मा : जगदीश गुप्त
11. महादेवी : दूधनाथ सिंह
12. छायावाद : नामवर सिंह
13. छायावाद और नवजागरण : महेन्द्र नाथ राय

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

द्वितीय सत्र (प्रतिष्ठा)

पत्र : HIN-C-123

हिंदी साहित्य : प्रगतिवाद से बीसवीं शताब्दी तक

व्याख्यान	: 4 प्रति सप्ताह
ट्यूटोरियल	: 2 प्रति सप्ताह
क्रेडिट	: 4 +2 = 6
पूर्णांक	: 100 अंक
अभ्यन्तर	: 20 अंक
सत्रांत परीक्षा/बाह्य	: 80 अंक

उद्देश्य : यह पत्र द्वितीय सत्र (प्रतिष्ठा) के विद्यार्थियों के लिये है। इसमें छायावादोत्तर कविताएँ अध्ययन हेतु रखी गयी हैं। विद्यार्थी कविताओं के माध्यम से अभिव्यक्त आधुनिक विमर्शों से अवगत होंगे।

पाठ्य पुस्तकः अस्मिता सं. डॉ. जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव, डॉ. जितेन्द्रनाथ पाठक, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।

इकाई: 1 छायावादोत्तर काव्यान्दोलन और काव्य : प्रगतिवाद; प्रयोगवाद; नई कविता; अकविता; नवगीत; जनवादी कविता; समकालीन कविता व अन्यकाव्य-परिवर्तन; दलित-चेतना, स्त्री-चेतना और जनजातीय चेतना तथा पर्यावरण चेतना की कविताएं। व्याख्यान-12

इकाई: 2 क. अज्ञेय – कलगी बाजरे की , यह द्वीप अकेला। व्याख्यान-12

ख . मुक्तिबोध – भूल गलती, दिमागी़ गुहान्धकार का ओराँगउटाँग ।

ग. नागार्जुन – अकाल और उसके बाद, कालिदास।

आलोचना: कवियों की काव्यगत विशेषताएँ, पठित कविताओं का सारांश एवं प्रतिपाद्य।

इकाई: 3 क. भवानी प्रसाद मिश्र – फूल कमल के, मंगल वर्षा, कहीं नहीं बचे। व्याख्यान-12

ख. कुंवर नारायण – नचिकेता ।

ग. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना – मैंने कब कहाँ, छीनने आए हैं वे, हम ले चलेंगे।

आलोचना: कवियों की काव्यगत विशेषताएँ, पठित कविताओं का सारांश एवं प्रतिपाद्य।

इकाई: 4 क. केदारनाथ सिंह – फर्क नहीं पड़ता, आवाज। व्याख्यान-12

ख. धूमिल – मोचीराम, सुदूर पूर्व में, धूमिल की अन्तिम कविता।

ग. श्रीराम वर्मा – चक्रव्यूह, झील, आकण्ठ कुछ शब्द।

आलोचना: कवियों की काव्यगत विशेषताएँ, पठित कविताओं का सारांश एवं प्रतिपाद्य।

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

उपलब्धियां - इस पत्र के अध्ययनोपरांत छात्र हिन्दी साहित्य के छायावादोत्तर काव्यांदोलन से अवगत हो चुके होंगे और छायावादोत्तर हिन्दी कविता के प्रतिनिधि कवियों की प्रमुख कविताओं का अनुशीलन कर चुके होंगे।

निर्देशः

1. इस पत्र की प्रत्येक इकाई से 14 -14 अंकों का एक-एक दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछा जायेगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए विकल्प भी होंगे। 14x4= 56

2. इकाई 2, 3 तथा इकाई 4 से एक-एक व्याख्यांश पूछी जायेगी, जिनके विकल्प भी होंगे। 8 x3 = 24

कार्य-सम्पादन- पद्धतिः व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

सहायक ग्रंथः-

1. मुक्तिबोधः ज्ञान और संवेदना : नन्दकिशोर नवल, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
2. अज्ञेय की काव्य-तितीर्षा : नन्दकिशोर आचार्य, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
3. अज्ञेय की कविताः मूल्यांकन : चन्द्रकांत बान्दिवडेकर, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।
4. मुक्तिबोध की काव्य-प्रक्रिया : अशोक चक्रधर, भारतीय ग्रंथ निकेतन, दिल्ली।
5. कविता के नये प्रतिमान : नामवर सिंह, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
6. समकालीन हिन्दी कविता : डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
7. अज्ञेय और आधुनिक रचना की समस्या : रामस्वरूप चतुर्वेदी
8. सदी के अन्त में कविता : सं. डॉ. विजयकुमार, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
9. समकालीन कविता का यथार्थ : डॉ. परमानन्द श्रीवास्तव, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
10. नयी कविताः स्वरूप और संवेदना : डॉ. जगदीश गुप्त।
11. नयी कविता और अस्तित्ववाद : रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन , दिल्ली।
12. शब्द और मनुष्य : परमानन्द श्रीवास्तव, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
13. कवि कह गया है : अशोक वाजपेयी
14. समकालीन कविता के बारे में : नरेन्द्र मोहन, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
15. रचना और आलोचना : देवीशंकर अवस्थी, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
16. रघुवीर सहाय का कवि कर्म : सुरेश शर्मा, वाणी प्रकाशन, दिल्ली
17. कवियों की पृथ्वी : अरविंद त्रिपाठी, आधार प्रकाशन, पंचकूला
18. समकालीन कविता के आयाम : पी. रवि, लोकभारती, इलाहाबाद
19. काव्यभाषा और नागार्जुन की कविता : कमलेश वर्मा, पेरियार प्रकाशन, पटना

05/7/2021
संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

तृतीय सत्र (प्रतिष्ठा)

पत्र : HIN-C-211

कथा साहित्य : कहानी एवं उपन्यास

व्याख्यान	: 4 प्रति सप्ताह
ट्यूटोरियल	: 2 प्रति सप्ताह
क्रेडिट	: 4 +2 = 6
पूर्णांक	: 100 अंक
अभ्यन्तर	: 20 अंक
सत्रांत परीक्षा/बाह्य	: 80 अंक

उद्देश्य : यह प्रश्न पत्र तृतीय सत्र में हिन्दी प्रतिष्ठा के परीक्षार्थियों के लिये है। यह पत्र चार इकाइयों में विभक्त है। इस प्रश्नपत्र में परीक्षार्थियों से गद्य की विभिन्न विधाओं की जानकारी अपेक्षित है। इस पत्र में उपन्यास तथा कहानी, अध्ययन हेतु निर्धारित की गयी हैं।

इकाई: 1 हिंदी गद्य का इतिहास ; कहानी : परिभाषा, स्वरूप एवं तत्व; लोक कथा, कहानी एवं नई कहानी का अन्तर , हिन्दी कहानी का उद्भव और विकास।
उपन्यास : अर्थ एवं स्वरूप; उपन्यास के तत्व; हिन्दी उपन्यास का उद्भव और विकास।

व्याख्यान -12

इकाई : 2 **उपन्यास:**

पचपन खंभे लाल दीवारें : उषा प्रियंवदा

आलोचना : उषा प्रियंवदा की उपन्यास कला, पठित उपन्यास का प्रतिपाद्य, पठित उपन्यास की समीक्षा एवं चरित्र चित्रण। व्याख्यान -12

इकाई: 3 **कहानी:**

पाठ्य कहानियाँ

- उसने कहा था : चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
- माँ : प्रेमचंद
- पाजेब : जैनेन्द्र कुमार
- दोपहर का भोजन : अमरकान्त

आलोचना : पठित कहानियों की समीक्षा एवं कहानीकारों की कहानी कला। व्याख्यान -12

इकाई: 4 **कहानी :**

पाठ्य कहानियाँ :

- नीली झील : कमलेश्वर
- परदा : यशपाल
- प्रायाश्चित : भगवती चरण वर्मा
- मैं हार गई : मन्नू भंडारी

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

आलोचना : पठित कहानियों की समीक्षा एवं कहानीकारों की कहानी कला।   व्याख्यान -12

उपलब्धियां - इस पत्र के अध्ययनोपरांत छात्र कहानी एवं उपन्यास के सैद्धांतिक पक्ष से परिचित हो चुके होंगे और हिन्दी उपन्यास एवं हिन्दी कहानी से संबंधित प्रतिनिधि रचनाओं का अनुशीलन कर चुके होंगे।

निर्देशः

1. पाठ्यक्रम की इकाई 2, 3 तथा 4 से एक-एक गद्यांश व्याख्या हेतु दिया जायेगा। प्रत्येक व्याख्यांश के लिये विकल्प भी होंगे।   8X3 = 24

2. सम्पूर्ण पाठ्यक्रम से चार आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। चारो प्रश्नों के लिये विकल्प भी रहेंगे।   14X4= 56

कार्य-सम्पादन- पद्धति: व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

संदर्भ ग्रन्थः

1. प्रेमचन्द और उनका युग : रामविलास शर्मा
2. कहानीः नयी कहानी : डॉ. नामवर सिंह
3. हिन्दी उपन्यास और यथार्थवाद : डॉ. त्रिभुवन सिंह
4. कुछ कहानियां : कुछ विचार : विश्वनाथ त्रिपाठी
5. हिन्दी कहानी का विकास : मधुरेश
6. नाटककार जयशंकर प्रसाद : सत्येन्द्रकुमार तनेजा
7. हिन्दी गद्य साहित्य : रामचन्द्र तिवारी
8. हिन्दी गद्यः विन्यास और विकास : रामस्वरूप चतुर्वेदी
9. उपन्यास का शिल्प : गोपाल राय
10. उपन्यास का यथार्थ और रचनात्मक भाषा : परमानंद श्रीवास्तव

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

तृतीय सत्र (प्रतिष्ठा)
पत्र: HIN-C-212
हिंदी नाट्य साहित्य

व्याख्यान	: 4 प्रति सप्ताह
ट्यूटोरियल	: 2 प्रति सप्ताह
क्रेडिट	: 4 +2 = 6
पूर्णांक	: 100 अंक
अभ्यन्तर	: 20 अंक
सत्रांत परीक्षा/बाह्य	: 80 अंक

उद्देश्य : यह पत्र तृतीय सत्र हिन्दी (प्रतिष्ठा) के परीक्षार्थियों के लिए है। इस प्रश्नपत्र में परीक्षार्थियों को हिंदी नाटक का इतिहास एवं विकास, लोकरंग परंपराओं का हिंदी रंगमंच पर प्रभाव तथा हिंदी रंगमंच के विभिन्न रूपों से अवगत कराना है।

इकाई : 1 नाटक का सैद्धान्तिक पक्ष : नाटक- उद्भव और विकास, नाटक अर्थ, स्वरूप एवं तत्व; नाटक एवं एकांकी में अन्तर; एकांकी –उद्भव और विकास, एकांकी के तत्व। व्याख्यान -12

इकाई: 2 नाटक : (क)

- अंधेर नगरी : भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
- ध्रुवस्वामिनी : जयशंकर प्रसाद

आलोचना: नाटककारों की नाट्य-कला, पठित नाटकों की समीक्षा, प्रतिपाद्य। व्याख्यान -12

इकाई: 3 नाटक : (ख)

- बकरी : मोहन राकेश
- कबीरा खड़ा बाज़ार में : भीष्म साहनी

आलोचना: नाटककारों की नाट्य-कला, पठित नाटकों की समीक्षा, प्रतिपाद्य। व्याख्यान -12

इकाई: 4 एकांकी :

- पारिजात हरण : शंकरदेव
- दीपदान : रामकुमार वर्मा

आलोचना: एकांकीकारों की एकांकी-कला, पठित एकांकीयों की समीक्षा, प्रतिपाद्य।

व्याख्यान -12

उपलब्धियां - इस पत्र के अध्ययनोपरांत छात्र नाटक एवं एकांकी के सैद्धांतिक पक्ष से परिचित हो चुके होंगे और हिन्दी नाटक, एकांकी से संबंधित प्रतिनिधि रचनाओं का अनुशीलन कर चुके होंगे।

05/7/2021
संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

निर्देश:

1. इस पत्र की इकाई 2, 3 तथा 4 से एक-एक गद्यांश व्याख्या हेतु दिया जायेगा। प्रत्येक व्याख्यांश के लिये विकल्प भी होंगे। 8X3 = 24
2. प्रत्येक इकाई से चार आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। चारो प्रश्नों के लिये विकल्प भी रहेंगे। 14X4= 56

कार्य-सम्पादन- पद्धति

व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि।

ग्रन्थ सूची:

1. हिंदी नाटक उद्भव और विकास : डॉ.दशरथ ओझा, राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली
2. रंग दर्शन : नेमिचंद्र जैन
3. हिंदी नाटक : बच्चन सिंह, लोकभारती प्रकाशन,नई दिल्ली
4. हिंदी गद्य का साहित्य : रामचंद्र तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी
5. संक्षिप्त नाट्यशास्त्रम् : राधावल्लभ त्रिपाठी
6. हिंदी का गद्यपर्व : नामवर सिंह, राजकमल
7. रंगमंच : नया परिदृश्य : रीतारानी पालीवाल
8. महाकवि शंकरदेव : विचारक एवं समाजसुधारक : डॉ. कृष्ण नारायण प्रसाद 'मागध'
9. मोहन राकेश का रंगमंच : चंदन कुमार
10. एकांकी और एकांकीकार : रामचरण महेन्द्र
11. शंकरदेव के नाटक और रंगमंचीयता : डॉ. धर्मदेव तिवारी 'शास्त्री'
12. हिंदी नाटक का आत्मसंघर्ष : गिरीश रस्तोगी
13. आधुनिक हिंदी नाटक : डॉ. नगेन्द्र
14. भारतीय नाट्य परंपरा : नेमिचन्द्र जैन
15. दो रंगपुरुष : डॉ.जमुना बीनी तादर. रीडिंग रूम्स, दिल्ली

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

तृतीय सत्र (प्रतिष्ठा)

पत्र : HIN-C-213

कथेतर गद्य साहित्य

व्याख्यान	: 4 प्रति सप्ताह
ट्यूटोरियल	: 2 प्रति सप्ताह
क्रेडिट	: 4 +2 = 6
पूर्णांक	: 100 अंक
अभ्यन्तर	: 20 अंक
सत्रांत परीक्षा/बाह्य	: 80 अंक

उद्देश्य : इस पत्र में परीक्षार्थियों को हिंदी गद्य के कथा साहित्य से भिन्न अन्य गद्य विधाओं का ज्ञान प्राप्त कराया जायेगा। इसके साथ ही छात्रों को हिंदी की कथेतर विधाओं के स्वरूप की जानकारी करायी जायेगी।

इकाई 1.

जीवनी : जीवनी की परिभाषा एवं वैशिष्ट्य ; प्रमुख जीवनी लेखकों का परिचय, निबंध : परिभाषा ; स्वरूप एवं विशेषताएं, आत्मकथा : परिभाषा एवं विशेषताएं ; हिंदी के प्रमुख आत्मकथाकार, यात्रा वृतांत : परिभाषा; स्वरूप एवं विशेषताएं, संस्मरण, डायरी, रेखाचित्र, पत्रसाहित्य एवं रिपोर्ताज की परिभाषा एवं विशेषताएं। व्याख्यान – 12

इकाई 2. **क. जीवनी:**

- प्रेमचंद घर में : शिवानी देवी

आलोचना: जीवनी साहित्य का स्वरूप, प्रेमचंद का जीवन और रचना कर्म, एक सफल जीवनी के रूप में 'प्रेमचंद घर में' की समीक्षा।

ख. निबंध:

- ईर्ष्या : रामचन्द्र शुक्ल
- नाखून क्यों बढ़ते हैं : हजारी प्रसाद द्विवेदी
- मजदूरी और प्रेम : सरदार पूर्ण सिंह
- रस आखेटक : कुबेरनाथ राय

आलोचना: पठित निबंधों की समीक्षा एवं सारांश। व्याख्यान – 12

इकाई 3. **क. आत्मकथा:**

- हादसे : रमणिका गुप्ता

आलोचना: आत्मकथा का स्वरूप, हादसे की समीक्षा, रमणिका गुप्ता का रचना संसार।

ख. रेखाचित्र

- लछमा (पाठ्यपुस्तक : अतीत के चलचित्र) : महादेवी वर्मा
- सुभान खाँ (पाठ्य पुस्तक : माटी की मूरतें) : रामवृक्ष बेनीपुरी

आलोचना: पठित रेखाचित्रों की समीक्षा एवं सारांश। व्याख्यान – 12

इकाई 4. **क. यात्रा वृतांत** : पाठ्य पुस्तक: गद्य-धारा-सं. सुशील कुमार महेश्वरी, राधाकृष्ण।

- अथातो घुमक्कड़-जिज्ञासा : राहुल सांकृत्यायन

आलोचना: हिन्दी यात्रा साहित्य और राहुल सांकृत्यायन, राहुल के यात्रा साहित्य की विशेषताएँ।

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

ख. संस्मरण तथा रिपोर्ताज (पाठ्यपुस्तक : गद्य गौरव – सं. डॉ. ई. रा. स्वामी, राजकमल प्रकाशन)

- महात्मा गाँधी : रामकुमार वर्मा
- ऋणजल-धनजल : फणीश्वरनाथ रेणु

आलोचना: संस्मरण तथा रिपोर्ताज का स्वरूप, पठित पाठों की समीक्षा एवं लेखक परिचय ।

व्याख्यान – 12

उपलब्धियां - इस पत्र के अध्ययनोपरांत छात्र हिन्दी के जीवनी साहित्य, आत्मकथा साहित्य, यात्रा साहित्य, संस्मरण साहित्य, डायरी साहित्य, रेखाचित्र साहित्य, पत्र साहित्य एवं रिपोर्ताज साहित्य से परिचित होंगे तथा जीवनी, निबंध, आत्मकथा, रेखाचित्र, यात्रा वृत्तांत, संस्मरण तथा रिपोर्ताज से संबंधित प्रतिनिधि रचनाओं का अनुशीलन कर चुके होंगे।

निर्देशः

1. इस पत्र की इकाई 2, 3 तथा 4 से एक-एक गद्यांश व्याख्या हेतु दिया जायेगा। उनके लिये विकल्प भी रहेंगे। 8X3 = 24
2. प्रत्येक इकाई से चार आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। चारों प्रश्नों के लिये विकल्प भी रहेंगे। 14X4= 56

कार्य-सम्पादन- पद्धति: व्याख्यान, विचार-विमर्श, समूह-चर्चा, सामग्री-समीक्षा और प्रस्तुतीकरण आदि ।

सहायक ग्रंथ –

1. हिंदी का गद्य विन्यास और विकास : रामस्वरूप चतुर्वेदी
2. हिंदी गद्य साहित्य : रामचन्द्र तिवारी
3. हिंदी गद्य रूप सैद्धान्तिक विवेचन : निर्मला देवी श्रीवास्तव
4. हिंदी निबंध उद्भव और विकास : हरिचरण शर्मा
5. हिंदी का आधुनिक यात्रा साहित्य : प्रतापपाल शर्मा
6. गद्य की नई विधाओं का विकास : माजदा असद
7. गद्य की पहचान : अरुण प्रकाश
8. दूसरी परंपरा की खोज : नामवर सिंह
9. हिंदी ललित निबंध : स्वरूप विवेचन : वेदवती राठी
10. हिंदी जीवनी साहित्य : सिद्धांत और अध्ययन : डॉ. भगवानशरण भारद्वाज

05/7/2021

संयुक्त कुलसचिव (शैक्षणिक एवं सम्मेलन)
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
Jt. Registrar (Acad. & Conf.)
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh (A.P.)

चतुर्थ सत्र (प्रतिष्ठा)

पत्र : HIN-C-221

हिंदी गद्य साहित्य का इतिहास

व्याख्यान	: 4 प्रति सप्ताह
ट्यूटोरियल	: 2 प्रति सप्ताह
क्रेडिट	: 4 +2 = 6
पूर्णांक	: 100 अंक
अभ्यन्तर	: 20 अंक
सत्रांत परीक्षा/बाह्य	: 80 अंक

उद्देश्य : इस पत्र के द्वारा परीक्षार्थियों को साहित्य की नवीन गद्य विधाओं से परिचय कराया जाएगा। परीक्षार्थी को गद्य साहित्य के माध्यम से विभिन्न युगीन चुनौतियों को समझने में मदद मिलेगी। इस पत्र के माध्यम से छात्रों में युगीन राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक परिवेशों के प्रति एक व्यापक समझ विकसित होगी।

इकाई : 1

हिन्दी गद्य का उद्भव और विकास; आधुनिककालीन परिस्थितियों का हिन्दी गद्य के विकास में योगदान; भारतेन्दु पूर्व हिन्दी गद्य और गद्यकार; भारतेन्दुयुगीन हिन्दी गद्य एवं गद्यकार; आधुनिक हिन्दी गद्य के प्रारम्भिक उन्नयन में विभिन्न व्यक्तियों एवं संस्थाओं की भूमिका; भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का हिन्दी गद्य को अवदान; हिन्दी गद्य के विकास में आ. महावीरप्रसाद द्विवेदी की भूमिका। व्याख्यान – 12

इकाई : 2 हिन्दी नाटक एवं एकांकी:

हिंदी नाटक, एकांकी एवं निबन्ध साहित्य का उद्भव और विकास , हिंदी नाटक के विकास में भारतेंदु का योगदान, हिंदी के प्रमुख नाटककार एवं उनका वैशिष्ट्य, हिंदी के प्रमुख एकांकीकार एवं उनकी एकांकी, हिंदी निबंध के विकास में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल तथा हजारी प्रसाद द्विवेदी का योगदान। व्याख्यान – 12

इकाई : 3 हिन्दी कहानी एवं उपन्यास:

हिंदी कहानी एवं उपन्यास साहित्य का उद्भव और विकास, हिंदी के प्रारंभिक दौर की कहानी एवं कहानीकार, हिंदी उपन्यास के विकास के विभिन्न चरण, हिंदी उपन्यास के क्षेत्र में प्रेमचंद का स्थान, हिंदी के महिला उपन्यासकार एवं उनकी रचनाएं। व्याख्यान – 12

इकाई : 4 निबंध एवं अन्य गद्य विधाएँ:

